प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

कोड / Code : **20**

**20** हिन्दी
**A** बुकलेट सीरीज
विषय कोड

विषय / Subject : Hindi

Paper-II

**Downloaded from www.rsnotes.com**

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : 32 | |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : 150 | |

समय / Time : 3.00 घंटे / Hours — पूर्णांक / Maximum Marks : 300

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया हैं। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है।
6. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा।
7. प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के लिफाफे की सील खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही सीरीज अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है। इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से प्रश्न-पत्र की ही सीरीज वाला दूसरा प्रश्न-पत्र का लिफाफा प्राप्त कर लें। ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
8. मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर 5 अंक कुल प्राप्तांको में से अनिवार्य रूप से काटे जाएंगे।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और आर. पी. ई. (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के नियम 3 के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

### अपठित पद्य

निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों (1-4) के उत्तर दीजिये :

सच है, मनुज बड़ा पापी है, नर का वध करता है।
पर, भूलो मत, मानव के हित मानव ही मरता है॥
लोभ, द्रोह, प्रतिशोध, वैर, नरता के विघ्न अमित हैं।
तप, बलिदान, त्याग के सम्बल भी न किन्तु परिमित हैं॥
मत सोचो दिन रात पाप में मनुज निरत होता है।
हाय, पाप के बाद वही तो पछताता रोता है॥
यह क्रन्दन, यह अश्रु मनुज की आशा बहुत बड़ी है।
बतलाता है, यह मनुष्यता अब तक नहीं मरी है॥
नहीं एक अवलम्ब, जगत का आभा पुण्यव्रती की।
तिमिर व्यूह में फँसी किरण भी आशा है धरती की॥

1 उपर्युक्त अवतरण में 'नरता' के कौन–कौन से विघ्न माने गये हैं?

(1) अंध, लोभ, वैर, प्रतिशोध (2) वैर, प्रतिशोध, द्रोह, लोभ
(3) द्रोह, वैर, मोह, लोभ (4) लोभ, मद, मोह, प्रतिशोध

2 उपर्युक्त अवतरण में 'यह क्रन्दन, यह अश्रु........' पंक्ति में किस प्रकार के आँसुओं की बात कही गयी है ?

(1) पश्चात्ताप के आँसू (2) व्यथा के आँसू
(3) खुशी के आँसू (4) सहानुभूति के आँसू

3 उक्त अवतरण में '.... मानव के हित मानव ही मरता है' का भावार्थ है –

(1) अपने हित साधन हेतु आदमी ही आदमी को मारता है।
(2) युद्ध में जीत किसी की भी हो, मरता तो मनुष्य ही है।
(3) परहित के लिए मनुष्य मृत्यु का वरण कर लेता है।
(4) मनुष्य ही मनुष्य के काम आता है।

4 उक्त अवतरण में 'तिमिर व्यूह में फँसी किरण भी......' पंक्ति में किरण का भावार्थ है –

(1) अंधेरी रात में टिमटिमाते दीपक का क्षीण प्रकाश
(2) तूफानी रात में संघर्षरत प्रकाश की किरण
(3) पश्चात्ताप और हताशा से घिरे मन में नवजीवन की आशा का संचार
(4) बादलों से घिरे सूर्य का क्षीण प्रकाश

www.rsnotes.com

## अपठित गद्य

निम्नलिखित गद्यावतरण को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों (5-8) के उत्तर दीजिए :

गौतम ने ठीक ही कहा, कि मनुष्य की मनुष्यता यही है कि वह सबके सुख–दुःख को सहानुभूति के साथ देखता है। यह आत्मनिर्मित बंधन ही मनुष्य को मनुष्य बनाता है। अहिंसा सत्य और अक्रोधमूलक धर्म का मूल उत्स यही है। मुझे आश्चर्य होता है कि अनजान में भी हमारी भाषा में यह भाव कैसे–कैसे रह गया है, लेकिन मुझे नाखून के बढ़ने पर आश्चर्य हुआ था। अज्ञान सर्वत्र आदमी को पछाड़ता है और आदमी है कि सदा उससे लोहा लेने को कमर कसे है।

5 गौतम ने मनुष्यता किसे कहा है?

(1) मानव द्वारा मानव की सेवा करने को

(2) मनुष्य के तद्नुभूति भाव को

(3) मानव द्वारा कर्त्तव्य पालन को

(4) प्रत्येक व्यवहार बौद्धिक प्रयोग को

6 'आत्मनिर्मित बंधन' से क्या अभिप्राय है?

(1) अपने द्वारा बनाये गये नियमों से दूसरों को बाँधना

(2) स्वच्छंदतापूर्वक व्यवहार करना

(3) अपने ऊपर नियंत्रण रखना

(4) सब को जीने के लिए प्रेरित करना

7 'अक्रोधमूलक धर्म' का उत्स यही है' पंक्ति में आये उत्स शब्द का अर्थ है –

(1) अहिंसा (2) झरना

(3) प्रारम्भ (4) स्रोत

8 नाखून बढ़ने का भाव है –

(1) हिंसक होना (2) निरंतर वृद्धि होना

(3) नाखून न काटना (4) नाखून का महत्व स्वीकार करना

www.rsnotes.com

9 अर्धसरकारी पत्र के बारे में कौन सा कथन गलत है ?

(1) इसकी भाषा आदेशात्मक नहीं होती।

(2) इसमें प्राप्त करने वाले को पदनाम से सम्बोधित किया जाता है।

(3) इसके ऊपर बाँयी ओर प्रेषक का नाम और पद नाम लिखा होता है।

(4) इसमें सबसे ऊपर कार्यालय, संस्था या विभाग का नाम और स्थान का उल्लेख होता है।

10 किसी पत्र के आवश्यक घटकों में सरकारी पत्र में कौन सा घटक नहीं होता?

(1) सम्बोधन (2) पत्रांक

(3) दिनांक (4) अभिवादन

11 बैठक में लिये गये निर्णयों को क्रियान्वित करने के लिए जो पत्र जारी किया जाता है उसे क्या कहते हैं?

(1) परिपत्र (2) कार्यवृत्त

(3) कार्यसूची (4) अनुस्मारक

12 स्ववृत्त (Biodata) प्रस्तुति का सही क्रम कौन सा है?

(1) नाम, जन्मतिथि, माता का नाम, पिता का नाम, वर्तमान पता

(2) नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, माता का नाम, वर्तमान पता

(3) नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, वर्तमान पता

(4) नाम, वर्तमान पता, जन्म तिथि, माता का नाम, पिता का नाम

13 निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द शब्द–कोश में पहले आएगा?

(1) ग्रहण (2) ग्लानि

(3) गुरु (4) ग्रहीत

www.rsnotes.com

14 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द शब्द–कोश में सबसे बाद में आएगा?

(1) ह्रास (2) हार्दिक

(3) हृदय (4) हृषीकेश

15 निम्नलिखित में से किस शब्द की संधि गलत है?

(1) सत् + मार्ग = सन्मार्ग

(2) सत् + गति = सद्गति

(3) सत् + चित्र = सच्चित

(4) सत् + शास्त्र = सद्शास्त्र

16 'निर्लेप' शब्द का संधि विच्छेद होगा –

(1) निर + लेप (2) निः + लेप

(3) निर + अलेप (4) निः + र्लेप

17 'बारहसिंगा' शब्द में कौन सा समास है?

(1) द्विगु (2) कर्मधारय

(3) बहुब्रीहि (4) तत्पुरुष

18 निम्नलिखित में से किस शब्द का समास विग्रह सही है?

(1) वनवास = वन का वास

(2) सर्वप्रिय = सब के लिए प्रिय

(3) गृहप्रवेश = गृह में प्रवेश

(4) हवनसामग्री = हवन की सामग्री

www.rsnotes.com

19 निम्नलिखित में से किस शब्द में 'ल' प्रत्यय है?

(1) अमल
(2) कोमल
(3) चपल
(4) श्यामल

20 निम्नलिखित में से किस शब्द में 'एरा' प्रत्यय नहीं है?

(1) घनेरा
(2) सपेरा
(3) सवेरा
(4) ममेरा

21 निम्नलिखित में किस शब्द में कोई प्रत्यय नहीं है?

(1) बाकायदा
(2) हमसब
(3) नालायक
(4) हमदर्द

22 निम्नलिखित में से किस शब्द में 'अप' उपसर्ग नहीं है?

(1) अपरोक्ष
(2) अपादान
(3) अपवाद
(4) अपमान

23 निम्नलिखित में से कौन सा विलोम शब्द-युग्म गलत है?

(1) इष्ट – अनिष्ट
(2) छली – निश्छल
(3) उत्कर्ष – विकर्ष
(4) सानुनासिक – निरनुनासिक

24 निम्नलिखित में से सही विलोम शब्द-युग्म कौन सा है?

(1) पाठ्य – सुपाठ्य
(2) नत – अवनत
(3) शिष्ट – विशिष्ट
(4) संश्लिष्ट – विश्लिष्ट

www.rsnotes.com

25 इनमें से वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द अशुद्ध है?

(1) वापस (2) पड़ोसी

(3) त्यौहार (4) अधीन

26 निम्नलिखित वाक्यों में व्याकरण की दृष्टि से कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(1) क्योंकि वह मोटा है, इसलिए धीरे चलता है।

(2) मैं वहाँ पहुँचा ही था जबकि आप आ गये।

(3) उसने मुझे खाने को बुलाया।

(4) रविवार के दिन सभी जगह छुट्टी रहती है।

27 इनमें से पदक्रम की दृष्टि से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?

(1) वहाँ बहुत से पशु चरते और पक्षी उड़ते हुए देखे गये।

(2) यह उपहार उसे चौथी विवाह की वर्षगांठ पर मिला था।

(3) वह अपने विद्यार्थियों से पुत्रवत् स्नेह करता है।

(4) कई विद्यालयों के छात्र नकल करते हुए पकड़े गये।

28 'प्रसाद–प्रासाद' शब्द–युग्म का सही अर्थ क्या होगा?

(1) महल – अनुग्रह (2) ईश्वर को अर्पित भोग – प्रसन्नता

(3) कृपा – महल (4) निर्मलता – विशालता

29 'आदि–आदी' शब्द–युग्म का सही अर्थ क्या है?

(1) प्रारम्भ – आदिवासी (2) आदिवासी – इत्यादि

(3) प्रारम्भ – अभ्यस्त (4) अभ्यस्त – प्रारम्भ

www.rsnotes.com

30 रास्ते में खाने के लिए ले जाने वाली भोज्य सामग्री को क्या कहते हैं?

(1) पथ आहार
(2) नाश्ता
(3) अल्पाहार
(4) पाथेय

31 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अनेकार्थ शब्द 'अज' से सम्बद्ध नहीं है?

(1) ब्रह्मा
(2) कमल
(3) दशरथ के पिता का नाम
(4) बकरा

32 इनमें से जनसंचार का 'दृश्य–श्रव्य' माध्यम क्या है?

(1) रेडियो
(2) दूरदर्शन
(3) समाचारपत्र
(4) पत्रिकाएँ

33 जनसंचार की विशेषताओं के लिए कौन सा कथन सही नहीं है?

(1) जनसंचार में प्रसारित संदेशों की प्रवृत्ति सार्वजनिक होती है।
(2) उनमें ढेर सारे द्वारपाल (Gate keeper) होते हैं।
(3) जनसंचार माध्यम चलाने के लिए औपचारिक संगठन ज़रूरी है।
(4) संचारक और प्राप्तकर्ता के बीच सीधा सम्बंध होता है।

34 टी. वी. के द्वारा जनसंचार के सम्बंध में कौन सा कथन सही है?

(1) प्रत्यक्षदर्शियों के कथन दिखा और सुनाकर खबर को प्रामाणिक बनाना एंकर बाइट कहा जाता है।
(2) एंकर पैकेज में एंकर बाइट का समावेश नहीं है।
(3) ड्राइ एंकर में समाचार के साथ दृश्य भी आते हैं।
(4) टी. वी. में केवल वे कथन या बाइट ही होते हैं जो खबर बनाने के लिए इस्तेमाल किये जाते हैं और कोई आवाजें नहीं होतीं।



www.rsnotes.com

35 सफल रेडियो नाटक लिखने के लिए क्या आवश्यक नहीं है?

(1) सही कहानी का चयन करना।

(2) पात्रों की संख्या सीमित रखना।

(3) पौराणिक साहित्य का ज्ञान होना।

(4) अवधि की सीमा का ध्यान रखना।

36 विज्ञापन के सम्बंध में सही कथन है –

(1) विज्ञापन जनसंचार का एक माध्यम है।

(2) विज्ञापन एक अकुशल विपणन औज़ार है।

(3) विज्ञापन मुफ्त ही प्रकाशित होते हैं।

(4) विज्ञापन एक प्रकार का समाचार है।

37 'फीचर' को यह भी कहा जाता है –

(1) लोकचित्र (2) व्यंग्यचित्र

(3) रेडियोरूपक (4) प्रहसन

38 डायरी लेखन की विशेषता नहीं है –

(1) स्पष्टकथन (2) आत्मीयता

(3) निकटता (4) असम्बद्धता

39 'अंतरा (भाग–2) में संकलित तुलसीदास के पद की यह पंक्ति किसकी तरफ इंगित करती है?

'तदपि दिनहि दिन होत झाँवरे, मनहु कमल हिम मारे।'

(1) अयोध्यावासी लोगों की तरफ (2) परिवार के लोगों की तरफ

(3) घोड़ों की तरफ (4) भरत की तरफ



www.rsnotes.com

40 'हेमकुम्भ ले उषा सवेरे, भरती ढुलकाती सुख मेरे।

मदिर ऊंघते रहते जब, जगकर रजनीभर तारे॥

'अंतरा में संकलित प्रसाद रचित इन पंक्तियों में प्रमुख अलंकार है –'

(1) रूपक (2) उपमा

(3) उत्प्रेक्षा (4) अतिशयोक्ति

41 'आखिरकार वही हुआ, जिसका मुझे डर था – जोर जबरदस्ती से बात की चूड़ी मर गयी'– 'आरोह' (भाग–2) में संकलित इस पद्यांश में 'बात की चूड़ी मर गयी' का भावार्थ है –

(1) बात समाप्त हो गयी। (2) बात निष्प्रभावी और निरर्थक हो गयी।

(3) बात का बतंगड़ बन गया। (4) बात बिगड़ गयी।

42 'आरोह' (भाग – 2) में संकलित महादेवी वर्मा रचित' 'भक्तिन' पाठ किस साहित्यिक विधा के अन्तर्गत आता है?

(1) संस्मरणात्मक रेखाचित्र (2) कहानी

(3) जीवनी (4) निबंध

43 'अंतराल' में संकलित 'बिस्कोहर की माटी' पाठ में डोंड़हा, मजगिदवा, फेंटारा, धोर, कड़ाइच आदि शब्दों का सम्बंध किससे है?

(1) भिन्न – भिन्न प्रकार के जंगली फूल

(2) जंगली फल

(3) साँपों की विभिन्न जातियाँ

(4) धान की विभिन्न किस्में



www.rsnotes.com

44 'वितान' में संकलित 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के अनुसार मोहनजोदड़ो की आबादी कितनी थी?

(1) पचास हजार (2) पिचासी हजार

(3) साठ हजार (4) अस्सी हजार

45 'कबहुं समुझि वन गमन राम को रहिचकि चित्र लिखी सी' पंक्ति में कौन सा सात्विक अनुभाव है?

(1) रोमांच (2) प्रलय

(3) विवर्ण (4) स्तंभ

46 "शिवालिक का क्या अर्थ है? शिवालिक क्या शिव के जटाजूट का निचला हिस्सा तो नहीं? लगता तो ऐसा ही है। शिव की लटियायी जटा ही इतनी सूखी नीरस और कठोर हो सकती है।" यह गद्यांश 'अंतरा' के किस पाठ से उदधृत है?

(1) कुटज (2) यथास्मै रोचके विश्वम्

(3) प्रेमघन की छाया स्मृति (4) दूसरा देवदास

47 'अंतरा' (भाग-2) पुस्तक में किस कवि के कवित्त और सवैया संकलित हैं?

(1) मलिक मोहम्मद जायसी (2) विद्यापति

(3) केशवदास (4) घनानंद

48 'कार्नेलिया का गीत' प्रसाद के किस नाटक का प्रसिद्ध गीत है?

(1) ध्रुवस्वामिनी (2) स्कन्दगुप्त

(3) चन्द्रगुप्त (4) अजातशत्रु

www.rsnotes.com

49 'जूझ' रचना के लेखक को कविता लिखने की प्रेरणा किससे मिली?

(1) दत्ताजी राव से
(2) माता से
(3) दादा से
(4) न. वा. सौंदलगेकर से

50 'वितान' में संकलित 'डायरी के पन्ने' पाठ के अनुसार ऐन फ्रेंक मानवजाति की निरंतरता बनाये रखने का श्रेय किसको देती हैं?

(1) औरत को
(2) प्रकृति को
(3) ईश्वर को
(4) आदमी को

www.rsnotes.com

51 'आरोह' (भाग–2) में संकलित कहानी 'नमक' में लेखिका ने किस प्रकार के नमक की बात कही है?

(1) सेंधा नमक
(2) काला नमक
(3) लाहौरी नमक
(4) समुद्री नमक

52 'आरोहण' कहानी में 'भुइला चल ग्यार चल' में भुइला का अर्थ है –

(1) भोला
(2) भाई
(3) भूला
(4) धीरे

53 रघुवीर सहाय की कविता 'कैमरे में बंद अपाहिज' का मूल भाव है –

(1) अपाहिज की पीड़ा
(2) दूरदर्शन कार्यक्रमों को प्रस्तुत करने की प्रविधि
(3) दूरदर्शन पर कार्यक्रम प्रस्तुति की विडम्बना का सच
(4) दूरदर्शन के दर्शकों को प्रभावित करना

54 'सूरदास की झोंपड़ी' रचना की भाषा है –

(1) तत्सम् शब्द प्रधान
(2) तद्‌भव शब्द प्रधान
(3) देशज शब्द प्रधान
(4) बोलचाल की प्रचलित हिन्दी

55 'अंतरा' (भाग–2) में संकलित रचना में भीष्म साहनी ने वर्धा स्टेशन से सेवाग्राम की दूरी कितने मील बतायी है?

(1) लगभग पांच मील
(2) लगभग आठ मील
(3) लगभग सात मील
(4) लगभग चार मील

www.rsnotes.com

56 आदिकाल की भाषा को 'पुरानी हिन्दी' नाम किसने दिया था?

(1) डॉ. भोलानाथ तिवारी
(2) डॉ. धीरेन्द्र वर्मा
(3) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
(4) आ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

57 अपभ्रंश का वाल्मीकि किस कवि को कहा गया है?

(1) विमलदेव सूरि
(2) स्वयंभू
(3) हेमचन्द्र
(4) पुष्पदंत

58 'मैं हिन्दुस्तान की तूती हूँ। अगर तुम वास्तव में मुझसे जानना चाहते हो तो हिन्दवी में पूछो।' यह कथन किसका है?

(1) अमीर खुसरो
(2) लल्लूलाल
(3) सदलमिश्र
(4) ईशाअल्ला खां

59 आदिकाल की किस रचना में पद्य के साथ–साथ प्राचीन गद्य के उदाहरण भी मिलते हैं?

(1) भविसयत कहा
(2) भरतेश्वर बाहुबली रास
(3) नेमिनाथ चरिउ
(4) राउलवेलि

60 आदिकालीन रासो साहित्य की सामान्य प्रवृत्तियों और विषय–वस्तु की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(1) युद्धों का सजीव चित्रण
(2) व्यक्तिगत शौर्य के प्रदर्शन का चित्रण
(3) व्यापक राष्ट्रीयता की भावना का चित्रण
(4) विलासितापूर्ण सामंती जीवन का वर्णन

61 उत्तरी भारत में रामभक्ति साहित्य का मूलप्रेरक किसे माना जाता है?

(1) रामानंद
(2) रामानुजाचार्य
(3) तुलसीदास
(4) राघवानंद

62 निम्नलिखित में से किस संत/भक्त का सम्बंध निर्गुण काव्यधारा से नहीं था?

(1) गुरुनानक देव
(2) कुंभनदास
(3) दादूदयाल
(4) मलूकदास

63 निम्नलिखित में से कौन सा कृष्णभक्त गोस्वामी विठ्ठलनाथ का शिष्य नहीं है?

(1) गोविन्दस्वामी
(2) चतुर्भुजदास
(3) कुंभनदास
(4) छीतस्वामी



www.rsnotes.com

64 इनमें से कौन सी रचना प्रेमाख्यान परम्परा (प्रेममार्गी) से सम्बद्ध नहीं है?

(1) मृगावती (2) मधुमालती

(3) माधवानल कामकंदला (4) संदेशरासक

65 पुष्टिमार्ग के संस्थापक आचार्य हैं –

(1) नाभादास (2) वल्लभाचार्य

(3) गोविन्दस्वामी (4) गोस्वामी विठ्ठलनाथ

66 तुलसीदास की कौन सी रचना 'कवित्त सवैया' पद्धति के अन्तर्गत आती है?

(1) पार्वती मंगल (2) गीतावली

(3) कवितावली (4) कृष्णगीतावली

www.rsnotes.com

67 संत कबीर के बारे में कौन सा कथन सही नहीं है?

(1) राम और कृष्ण में उनकी श्रद्धा थी।

(2) वे शास्त्रीय ज्ञान की अपेक्षा अनुभव को अधिक महत्व देते थे।

(3) वे अद्वैतवाद से प्रभावित थे।

(4) उन्होंने माया का मानवीकरण करके उसे कंचन और कामिनी का पर्याय माना।

68 भक्तिकाल की किस शाखा में ईश्वर की कल्पना सभी रूप में की गयी है?

(1) राममार्गी शाखा (2) ज्ञानमार्गी शाखा

(3) कृष्णमार्गी शाखा (4) प्रेममार्गी शाखा

69 सन्तमत की साधना क्या कहलाती है?

(1) लौकिक साधना
(2) सहज साधना
(3) पुष्टिमार्गी साधना
(4) बज्रयान साधना

70 सगुण और निर्गुण भक्ति की तुलना की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(1) दोनों ही गुरु की महत्ता स्वीकार करते हैं।
(2) दोनों ही सत्संगति पर बल देते हैं।
(3) दोनों ही तीर्थाटन पर जोर देते हैं।
(4) दोनों ही नामस्मरण की महिमा स्वीकार करते हैं।

71 केशवदास की निम्नलिखित रचनाओं में से कौन सी रचना लक्षण–ग्रंथ के अन्तर्गत नहीं आती?

(1) रसिक प्रिया
(2) कविप्रिया
(3) विज्ञानगीता
(4) छंदमाला

72 'भाषा भूषण' ग्रंथ के रचयिता कौन थे?

(1) महाराज जसवंत सिंह
(2) केशव
(3) कुलपति
(4) मतिराम

73 'समुझै कविता घन आनंद की, हिय आंखिन नेह की पीर तकी' उक्त कथन किसका है?

(1) स्वयं घनानंद
(2) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(3) बोधा
(4) ब्रजनाथ



www.rsnotes.com

74 निम्नलिखित में से कौन सा कवि रीतिमुक्त धारा का नहीं है?

(1) घनानंद (2) आलम

(3) ठाकुर (4) पद्‌माकर

75 'रीति काव्य की भूमिका' ग्रंथ के रचयिता हैं –

(1) रामविलास शर्मा (2) नगेन्द्र

(3) हजारी प्रसाद द्विवेदी (4) रामचन्द्र शुक्ल

76 इनमें से किस लक्षण ग्रंथ के लेखक भिखारीदास हैं?

(1) काव्य निर्णय (2) काव्य विवेक

(3) भावविलास (4) ललित ललाम

77 रीतिकाल के कवियों के परिचयात्मक विवरण के लिए रामचन्द्र शुक्ल ने इनमें से किस ग्रंथ को आधार बनाया था?

(1) शिवसिंह सरोज (2) मिश्रबंधु विनोद

(3) ग्रियर्सनकृत इतिहास (4) गार्सा द तासी रचित इतिहास

78 फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब हुई थी?

(1) सन् 1839 ई. (2) सन् 1847 ई.

(3) सन् 1800 ई. (4) सन् 1810 ई.

79 काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित 'हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास' कितने भागों में है?

(1) चौदह (2) सोलह

(3) पन्द्रह (4) अठारह

www.rsnotes.com

80 'उपन्यास और उपन्यासकार' के इन युग्मों में कौन सा विकल्प सही नहीं है?

(1) परीक्षा गुरु – श्रीनिवासदास

(2) टेढ़े मेढ़े रास्ते – भगवती चरण वर्मा

(3) झूठा सच – यशपाल

(4) त्यागपत्र – इलाचन्द्र जोशी

81 'उदंत मार्तण्ड' समाचारपत्र किसने निकाला था?

(1) पं. जुगलकिशोर

(2) राजा लक्ष्मणसिंह

(3) राजा राममोहन राय

(4) शिवप्रसाद सितारे हिन्द

82 'हिन्दी गद्य का परिष्कृत रूप प्रारम्भ में इसी पत्रिका में प्रकट हुआ।' इस उद्धरण में किस पत्रिका की ओर संकेत है?

(1) सरस्वती

(2) हरिश्चन्द्र चन्द्रिका

(3) कविवचन सुधा

(4) आनंद कादम्बिनी

83 निम्नलिखित में से कौन सी नाट्य रचना भारतेन्दु की नहीं है?

(1) भारत दुर्दशा

(2) अंधेर नगरी

(3) प्रेम जोगिनी

(4) मयंक मंजरी

84 आधुनिक काल की सबसे प्रधान साहित्यिक घटना शुक्ल जी ने किसे माना है?

(1) भारतेन्दु के आविर्भाव को

(2) अंग्रेजी साहित्य के परिचय को

(3) गद्य के आविर्भाव को

(4) रीतिकालीन प्रभाव से मुक्ति को



www.rsnotes.com

85 'मिलजुल मन' किसका उपन्यास है?

(1) चित्रा मुद्गल (2) मृदुला गर्ग

(3) ममता कालिया (4) मंजुल भगत

86 निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा युग्म सही नहीं है?

(1) प्रसाद – स्वर्णधूलि (2) निराला – तुलसीदास

(3) दिनकर – रश्मिरथी (4) महादेवी – सांध्यगीत

87 निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा युग्म सही नहीं है?

(1) प्रसाद – चन्द्रगुप्त

(2) मोहन राकेश – आधे अधूरे

(3) लक्ष्मीनारायणलाल – स्कंदगुप्त

(4) भारतेन्दु – भारत दुर्दशा

www.rsnotes.com

88 'व्योमकेश दरवेश' किस विधा की रचना है?

(1) आत्मकथा (2) संस्मरण

(3) रेखाचित्र (4) जीवनी

89 इनमें से कौन सी रचना दलित साहित्य के अन्तर्गत आती है?

(1) अंत्या से अनन्या (2) जूठन

(3) तमस (4) गुड़िया भीतर गुड़िया

90 इनमें से किस कवि का सम्बंध 'तार सप्तक' से नहीं है?

(1) रघुवीर सहाय (2) अज्ञेय

(3) मुक्तिबोध (4) रामविलास शर्मा

91 किस आलोचक ने छायावाद को 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' कहा है?

(1) नगेन्द्र (2) नंददुलारे वाजपेयी

(3) इन्द्रनाथ मदान (4) देवराज

92 इनमें से किस आलोचक को तुलनात्मक आलोचना के लिए प्रसिद्धि मिली?

(1) मुंशीराम शर्मा (2) लाला भगवानदीन

(3) पं. पद्मसिंह शर्मा (4) नंददुलारे वाजपेयी

93 आधुनिक काल में 'सचेतन कहानी' आन्दोलन के प्रणेता कौन हैं?

(1) कमलेश्वर (2) महीपसिंह

(3) राजेन्द्र यादव (4) अखिलेश

94 इन उपन्यासकारों की प्रवृत्तियों में कौन सा विकल्प सही नहीं है?

(1) श्रीलाल शुक्ल – व्यंग्यात्मकता

(2) वृंदावनलाल वर्मा – ऐतिहासिकता

(3) फणीश्वरनाथ रेणु – आंचलिकता

(4) जैनेन्द्र – यथार्थवादिता

www.rsnotes.com

95 साहित्य विधा और रचना की दृष्टि से कौन सा विकल्प सही नहीं है?

(1) आत्मकथा – आवारा मसीहा

(2) रेखाचित्र – अतीत के चलचित्र

(3) कहानी – परिन्दे

(4) उपन्यास – कुरु – कुरु स्वाहा

96 काव्य संग्रह और उनके रचनाकारों की दृष्टि से कौन सा विकल्प सही नहीं है?

(1) धूमिल – संसद से सड़क तक

(2) अज्ञेय – आंगन के पार द्वार

(3) कुंवर नारायण – काठ की घंटियाँ

(4) धर्मवीर भारती – कनुप्रिया

97 इनमें से कौन ललित निबंधकार नहीं है?

(1) हजारी प्रसाद द्विवेदी (2) कुबेरनाथ राय

(3) नंददुलारे वाजपेयी (4) विद्यानिवास मिश्र

www.rsnotes.com

98 इनमें से कौन सा उपन्यास भारत–पाक विभाजन की त्रासदी से सम्बद्ध है?

(1) मृगनयनी (2) तमस

(3) अपने अपने अजनबी (4) मुर्दो का टीला

99 'आधा गाँव' उपन्यास के लेखक हैं?

(1) राही मासूम रज़ा (2) शानी

(3) अब्दुल बिस्मिल्लाह (4) मेहरुन्निसा परवेज

100 इनमें से कौन सी पत्रिका राजस्थान से प्रकाशित नहीं होती है?

(1) मधुमती
(2) शेष
(3) सम्बोधन
(4) ज्ञानोदय

101 लक्षणा शब्द शक्ति की परिभाषा से सम्बन्धित कौन सा कथन सही नहीं है?

(1) मुख्य अर्थ में बाधा उत्पन्न होना
(2) मुख्यार्थ बाधित होने पर अन्य अर्थग्रहण करना
(3) अन्य अर्थ का मुख्य अर्थ से कोई सम्बन्ध नहीं होना
(4) रूढ़ि या प्रयोजन के आधार पर अन्य अर्थ ग्रहण करना

102 निम्नलिखित उक्तियों में व्यंजना शक्ति से सम्बंधित कौन सा कथन सही नहीं है?

(1) व्यंजना शब्द के मुख्यार्थ तथा लक्ष्यार्थ को पीछे छोड़ देती है।
(2) व्यंजना शब्द शक्ति से निष्पन्न अर्थ को व्यंग्यार्थ कहते हैं।
(3) व्यंजना शब्द शक्ति केवल शब्दों पर ही आधारित रहती है।
(4) व्यंग्यार्थ को ध्वन्यार्थ भी कहते हैं।

103 'प्रीति करि काहू सुख न लह्यौ।
प्रीति पतंग करी दीपक सौं आपै प्राण दह्यौ॥
पंक्तियों में कौनसा अलंकार है?

(1) अर्थान्तरन्यास
(2) दृष्टांत
(3) उदाहरण
(4) उपमा

104 बिनु पद चले सुनै बिनु काना।
कर बिनु करम करे विधि नाना॥ पंक्तियों में कौन सा अलंकार है?

(1) ब्याजस्तुति
(2) अन्योक्ति
(3) अतिशयोक्ति
(4) विभावना

www.rsnotes.com

105 रोला छंद के प्रत्येक चरण में क्रमशः कितनी मात्राएँ होती हैं?

(1) 13-11
(2) 11-13
(3) 10-14
(4) 15-9

106 जिस काव्य पंक्ति में स्वच्छता, सरलता और सहज ग्राह्यता हो उसमें कौन सा गुण होता है?

(1) ओज
(2) माधुर्य
(3) प्रसाद
(4) कान्ति

107 वीभत्स रस का स्थायी भाव है –

(1) शोक
(2) वात्सल्य
(3) निर्वेद
(4) जुगुप्सा

108 निम्नलिखित में से स्थायी भाव के बारे में कौन सा कथन सही नहीं है?

(1) प्रतिकूल परिस्थितियों में यह तिरोहित हो जाता है।
(2) यह रस का प्रमुख अवयव है।
(3) यह हरेक सहृदय के अन्तःकरण में स्थित रहता है।
(4) स्थायी भाव ही रसत्व को प्राप्त होता है।

109 आधुनिक हिन्दी कवियों में फेन्टेसी के प्रयोग के लिए कौन कवि विख्यात है?

(1) गिरिजाकुमार माथुर
(2) मुक्तिबोध
(3) अज्ञेय
(4) केदारनाथ अग्रवाल



www.rsnotes.com

110 प्रतीक के सम्बंध में कौन सा कथन सही है?

(1) प्रतीक अन्योक्ति हैं।

(2) प्रतीक अतिशयोक्ति हैं।

(3) प्रतीक द्वारा अन्यथा असम्प्रेषित विचारों को अभिव्यक्त किया जाता है।

(4) प्रतीक भ्रांति उत्पन्न करते हैं।

111 'रमणीयार्थ प्रतिपादक शब्द काव्यम्' काव्य के विषय में यह कथन किस आचार्य का है?

(1) आनंदवर्धन

(2) पण्डित राज जगन्नाथ

(3) मम्मट

(4) विश्वनाथ

112 'भुक्तिवाद' किस आचार्य का सिद्धान्त है?

(1) भट्टनायक

(2) शंकुक

(3) भामह

(4) रुद्रट

113 'काव्यप्रकाश' ग्रंथ के रचयिता का नाम क्या है?

(1) दण्डी

(2) वामन

(3) मम्मट

(4) रुद्रट

114 निम्नलिखित में रस तथा उसके स्थायी भाव का कौन सा युग्म सही नहीं है?

(1) करुण रस – शोक

(2) शृंगार रस – रति

(3) अद्भुत रस – विस्मय

(4) वीररस – क्रोध



www.rsnotes.com

115 काव्य हेतु की चर्चा करते समय भारतीय आचार्यों ने किस तत्व को सर्वाधिक महत्व दिया है?

(1) कल्पना
(2) अभ्यास
(3) प्रतिभा
(4) निपुणता

116 'काव्य का साधारणीकरण स्वीकार करते हुए भी वे आलम्बनत्व धर्म के साधारणीकरण पर अधिक बल देते हैं' इस उद्धरण में 'वे' शब्द किस विद्वान के लिए आया है?

(1) नगेन्द्र
(2) रामचन्द्र शुक्ल
(3) भट्टनायक
(4) अभिनवगुप्त

117 ध्वनि का सिद्धान्त वैयाकरणों के कौन से सिद्धान्त पर आधारित है?

(1) स्फोटवाद
(2) उत्तमकाव्य
(3) गुणीभूत व्यंग्य
(4) चित्रकाव्य

118 लोंजाइनस के अनुसार शैली का महत्तम गुण कौन सा है?

(1) अध्यात्मस्फूर्ति
(2) उदात्त तत्व
(3) अनुभव
(4) सौन्दर्य

119 अरस्तू के अनुकरण सिद्धान्त के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(1) अरस्तू कला को प्रकृति की अनुकृति मानते हैं।
(2) अनुकरण एक सर्जन क्रिया है।
(3) अनुकरण को नया अर्थ प्रदान कर अरस्तू ने कला का स्वतंत्र अस्तित्व स्थापित किया।
(4) अनुकरण के सम्बंध में अरस्तू का मत प्लेटो के मत से भिन्न नहीं है।

120 'यह सम्भव नहीं है कि जीवनभर क्षुद्र उद्देश्य और विचारों' से ग्रस्त व्यक्ति कोई स्तुत्य एवं अमर रचना कर सके।' यह विचार किस पश्चिमी आलोचक का है?

(1) क्रोचे
(2) अरस्तू
(3) लोंजाइनस
(4) प्लेटो



www.rsnotes.com

121 सर्वप्रथम वुडवर्थ ने निर्माण किया –

(1) साक्षात्कार
(2) प्रश्नावली
(3) निर्धारण मापनी
(4) बुद्धि परीक्षण

122 संवेगात्मक बुद्धि को लोकप्रिय बनाने का श्रेय किसको जाता है?

(1) डेनियल गोलमैन
(2) जॉन डी. मेयर
(3) पीटर
(4) सेलावे

123 "किशोरावस्था बड़े संघर्ष, तूफान, तनाव या झंझावात की अवस्था है।" यह किसका कथन है?

(1) जरशील्ड
(2) किलपेट्रिक
(3) स्टेनले
(4) हेडो कमेटी रिपोर्ट

124 "कोई भी व्यक्ति क्रोध करता है, यह बहुत आसान है, किन्तु सही व्यक्ति के साथ, सही मात्रा में, सही समय पर, सही प्रयोजन हेतु सही ढंग से क्रोध करना आसान नहीं है।" उपरोक्त कथन किसका है?

(1) बिंघम
(2) अरस्तू
(3) क्रीमैन
(4) वॉटसन

125 "किशोर प्रौढ़ों को मार्ग में बाधा समझता है, जो उसे अपनी स्वतन्त्रता का लक्ष्य प्राप्त करने से रोकते हैं।" यह कथन किसका है?

(1) रॉस
(2) कॉलसनिक
(3) वेलेंटाइन
(4) विग व हंट

www.rsnotes.com

126 किशोरावस्था के आकस्मिक विकास का सिद्धान्त कब किसने किया ?

(1) 1904 में हालिंग वर्थ ने
(2) 1902 में हॉल ने
(3) 1904 में स्टेनले हॉल ने
(4) 1904 में थार्नडाइक ने

127 "बुद्धि इन चार शब्दों में निहित है – ज्ञान, आविष्कार, निर्देश, आलोचना।" यह कथन किस मनोवैज्ञानिक का है?

(1) स्पियरमैन
(2) थार्नडाइक
(3) रायबर्न
(4) अलफ्रेड बिने

128 किस विधि में उद्दीपन–अनुक्रिया के मध्य होने वाले सम्बन्धों का अध्ययन किया जाता है?

(1) प्रश्नकर्ता विधि
(2) मनोभौतिक विधि
(3) आत्मनिष्ठ अंकन विधि
(4) प्रयोगात्मक विधि

129 जॉन पी. डिकेकों ने किस शिक्षण प्रतिमान का प्रतिपादन किया?

(1) बुनियादी शिक्षण प्रतिमान
(2) ऐतिहासिक शिक्षण प्रतिमान
(3) मनोवैज्ञानिक शिक्षण प्रतिमान
(4) दार्शनिक शिक्षण प्रतिमान

130 राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् ने बुद्धि के शिक्षण के लिए कौन सा विभाग खोला है?

(1) श्रम एवम् रोजगार विभाग
(2) मनोविज्ञान विभाग
(3) राष्ट्रीय भौतिक विभाग
(4) उपरोक्त कोई नहीं

www.rsnotes.com

131 निम्नलिखित में शिक्षक केन्द्रित शिक्षण आव्यूह है –

(1) प्रजातान्त्रिक शिक्षण आव्यूह

(2) प्रभुत्ववादी शिक्षण आव्यूह

(3) उपर्युक्त दोनों

(4) इनमें से कोई नहीं

132 व्याख्यान के दौरान सम्प्रेषण श्रेष्ठ होगा यदि शिक्षक –

(1) तैयार किए गए टिप्पण (नोट्स) में से पढ़ाता है।

(2) टिप्पण (नोट्स) तैयार करके आता है और उन्हें मार्गदर्शिका के रूप में प्रयोग करे।

(3) तात्कालिक व्याख्यान प्रस्तुत करता है।

(4) दूसरे क्षेत्रों में से उद्धरण देते हुए तात्कालिक व्याख्यान प्रस्तुत करता है।

133 प्रत्येक कक्षा के अन्त में पर्यवेक्षित अध्ययन की आवश्यकता होती है, क्योंकि इससे–

(1) शिक्षक को कुछ स्वतन्त्र क्षण मिल जाते हैं।

(2) शिक्षक छात्रों के गृहकार्य का निरीक्षण कर लेते हैं।

(3) विद्यार्थियों को गृहकार्य करने का अवसर मिल जाता है।

(4) अध्यापक विद्यार्थियों के अध्ययन में सहायता करने का अवसर प्राप्त कर लेते हैं।

134 शिक्षण में उत्तम प्रणाली वह है जिसमें –

(1) प्रश्नोत्तर की आवश्यकता न हो।

(2) अध्यापक छात्रों से प्रश्न पूछें।

(3) छात्र शिक्षक से शंका समाधान करें।

(4) अध्यापक और छात्र दोनों प्रश्न पूछें।



www.rsnotes.com

135 विकास एवम् वृद्धि हैं –

(1) एक दूसरे के विरोधी
(2) एक दूसरे के समान
(3) एक दूसरे के पूरक
(4) इनमें से कोई नहीं

136 "किशोरावस्था अपराध प्रवृत्ति के विकास का नाजुक समय है। पक्के अपराधियों की एक विशाल संख्या किशोरावस्था में ही व्यावहारिक जीवन को गम्भीरता पूर्वक आरम्भ करती है।" यह कथन किस मनोवैज्ञानिक का है?

(1) वेलेंटाइन
(2) ब्लेयर और जोन्स
(3) कोल और ब्रूस
(4) स्टेनली हॉल

137 "सामाजिक एवम् संवेगात्मक विकास साथ-साथ चलते हैं।" यह कथन है –

(1) हॉल का
(2) स्किनर का
(3) क्रो व क्रो का
(4) स्ट्रैंग का

138 'गेस्टाल्टवाद' के जन्मदाता कौन है?

(1) स्किनर
(2) बरदाईमर
(3) बिने
(4) स्पिनोविच

139 परम्परागत सम्बद्धता का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया?

(1) पॉवलव ने
(2) अल्बर्ट बाण्टरा ने
(3) स्किनर ने
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.rsnotes.com

140 "मूल प्रवृत्तियाँ सम्पूर्ण मानव व्यवहार की चालक हैं।" यह कथन किस मनोवैज्ञानिक का हैं ?

(1) मेलवी
(2) मैक्डूगल
(3) स्किनर
(4) सुरेश भटनागर

141 'संकेत अधिगम जो गेने के सीखने के' को सामान्यता जाना जाता है –

(1) साहचर्य अधिगम
(2) उद्दीपन–अनुक्रिया अधिगम
(3) शृंखला अधिगम
(4) परम्परागत सम्बद्धता अधिगम

142 किस पहलू में मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने की विधियाँ बताई जाती हैं ?

(1) निरोधात्मक पहलू
(2) संरक्षणात्मक पहलू
(3) सकारात्मक पहलू
(4) उपचारात्मक पहलू

143 कौन से आव्यूह को सुकराती विधि भी कहा जाता है ?

(1) प्रश्नोत्तर आव्यूह
(2) अन्वेषण आव्यूह
(3) योजना आव्यूह
(4) समीक्षा आव्यूह

144 रॉबर्ट गेने ने अधिगम की कितनी परिस्थितियाँ बताई हैं ?

(1) 5
(2) 7
(3) 8
(4) 6

145 सकमैन का पृच्छा मॉडल निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(1) निगमनात्मक
(2) आगमनात्मक
(3) उपर्युक्त दोनों
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.rsnotes.com

146 कम्प्यूटर कुञ्जी पटल (की बोर्ड) की कुञ्जी उत्पन्न करती है –

(1) सॉफ्टवेयर (2) अनुदेश कूट

(3) प्रोग्राम (4) संचालन

147 कम्प्यूटर उपगम अनुदेशन में सम्मिलित नहीं है –

(1) इन्टरनेट (2) एक्सेल शीट व पॉवर पॉइण्ट

(3) सी.डी. व डी.वी.डी. (4) प्रिण्टर

148 आई. सी. टी. द्वारा शिक्षा प्रभावित होती है –

(1) धार्मिक भावना से

(2) सामाजिक स्थिति से

(3) कम्प्यूटर प्रोसेसर की स्पीड से

(4) कम्प्यूटर शिक्षण कौशल प्रोग्राम तथा कम्प्यूटर से

149 उपग्रह सम्प्रेषण के काम में किसकी आवश्यकता नहीं है?

(1) ट्रान्सपॉण्डर (2) प्रवाहक

(3) संग्राहक (4) राडार

150 इनमें से कौन सा इनपुट डिवाइस नहीं है?

(1) ज्वाय स्टिक (2) मैग्नेटिक टेप

(3) मॉनीटर (4) मैग्नेटिक डिस्क



www.rsnotes.com

## SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिये जगह

www.rsnotes.com

**SCHOOL LECTURER COMP EXAM 2013**

**PAPER-II(Hindi-20)** **16-03-2015**

| SET_A | SET_B | SET_C | SET_D | RES |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 16 | 32 | 22 | 2 |
| 2 | 17 | 33 | 23 | 1 |
| 3 | 18 | 34 | 24 | 4 |
| 4 | 19 | 35 | 25 | 3 |
| 5 | 20 | 36 | 26 | 2 |
| 6 | 21 | 37 | 27 | 3 |
| 7 | 22 | 38 | 28 | 4 |
| 8 | 23 | 39 | 29 | 1 |
| 9 | 24 | 1 | 30 | 2 |
| 10 | 25 | 2 | 31 | 4 |
| 11 | 26 | 3 | 32 | 1 |
| 12 | 27 | 4 | 33 | 3 |
| 13 | 28 | 5 | 34 | 3 |
| 14 | 29 | 6 | 35 | 1 |
| 15 | 30 | 7 | 36 | * |
| 16 | 31 | 8 | 37 | 2 |
| 17 | 32 | 9 | 38 | 3 |
| 18 | 33 | 10 | 39 | 3 |
| 19 | 34 | 11 | 1 | 4 |
| 20 | 35 | 12 | 2 | 3 |
| 21 | 36 | 13 | 3 | * |
| 22 | 37 | 14 | 4 | 1 |
| 23 | 38 | 15 | 5 | 3 |
| 24 | 39 | 16 | 6 | 4 |
| 25 | 1 | 17 | 7 | 3 |
| 26 | 2 | 18 | 8 | 1 |
| 27 | 3 | 19 | 9 | 2 |
| 28 | 4 | 20 | 10 | 3 |
| 29 | 5 | 21 | 11 | 3 |
| 30 | 6 | 22 | 12 | 4 |
| 31 | 7 | 23 | 13 | 2 |
| 32 | 8 | 24 | 14 | 2 |
| 33 | 9 | 25 | 15 | 4 |
| 34 | 10 | 26 | 16 | 1 |
| 35 | 11 | 27 | 17 | 3 |
| 36 | 12 | 28 | 18 | 1 |
| 37 | 13 | 29 | 19 | * |
| 38 | 14 | 30 | 20 | 4 |
| 39 | 15 | 31 | 21 | 3 |
| 40 | 66 | 50 | 76 | 1 |
| 41 | 67 | 51 | 77 | 2 |
| 42 | 68 | 52 | 78 | 1 |
| 43 | 69 | 53 | 79 | 3 |
| 44 | 70 | 54 | 61 | 2 |
| 45 | 71 | 55 | 62 | 4 |
| 46 | 72 | 56 | 63 | 1 |
| 47 | 73 | 57 | 64 | * |
| 48 | 74 | 58 | 65 | 3 |
| 49 | 75 | 40 | 66 | 4 |
| 50 | 76 | 41 | 67 | 1 |
| 51 | 77 | 42 | 68 | 3 |
| 52 | 78 | 43 | 69 | 2 |
| 53 | 79 | 44 | 70 | 3 |
| 54 | 61 | 45 | 71 | 4 |
| 55 | 62 | 46 | 72 | 1 |
| 56 | 63 | 47 | 73 | 3 |
| 57 | 64 | 48 | 74 | 2 |
| 58 | 65 | 49 | 75 | 1 |
| 59 | 51 | 75 | 46 | 4 |
| 60 | 52 | 76 | 47 | 3 |
| 61 | 53 | 77 | 48 | 1 |
| 62 | 54 | 78 | 49 | 2 |
| 63 | 55 | 79 | 50 | 3 |
| 64 | 56 | 59 | 51 | 4 |
| 65 | 57 | 60 | 52 | 2 |
| 66 | 58 | 61 | 53 | 3 |
| 67 | 59 | 62 | 54 | 1 |
| 68 | 60 | 63 | 55 | * |
| 69 | 40 | 64 | 56 | 2 |
| 70 | 41 | 65 | 57 | 3 |
| 71 | 42 | 66 | 58 | 3 |
| 72 | 43 | 67 | 59 | 1 |
| 73 | 44 | 68 | 60 | 4 |
| 74 | 45 | 69 | 40 | 4 |
| 75 | 46 | 70 | 41 | 2 |

| SET_A | SET_B | SET_C | SET_D | RES |
|---|---|---|---|---|
| 76 | 47 | 71 | 42 | 1 |
| 77 | 48 | 72 | 43 | 2 |
| 78 | 49 | 73 | 44 | 3 |
| 79 | 50 | 74 | 45 | 2 |
| 80 | 91 | 111 | 101 | 4 |
| 81 | 92 | 112 | 102 | 1 |
| 82 | 93 | 113 | 103 | 2 |
| 83 | 94 | 114 | 104 | 4 |
| 84 | 95 | 115 | 105 | 3 |
| 85 | 96 | 116 | 106 | 2 |
| 86 | 97 | 117 | 107 | 1 |
| 87 | 98 | 118 | 108 | 3 |
| 88 | 99 | 119 | 109 | 4 |
| 89 | 100 | 120 | 110 | 2 |
| 90 | 101 | 80 | 111 | 1 |
| 91 | 102 | 81 | 112 | 1 |
| 92 | 103 | 82 | 113 | 3 |
| 93 | 104 | 83 | 114 | 2 |
| 94 | 105 | 84 | 115 | 4 |
| 95 | 106 | 85 | 116 | 1 |
| 96 | 107 | 86 | 117 | 3 |
| 97 | 108 | 87 | 118 | 3 |
| 98 | 109 | 88 | 119 | 2 |
| 99 | 110 | 89 | 120 | 1 |
| 100 | 111 | 90 | 80 | 4 |
| 101 | 112 | 91 | 81 | 3 |
| 102 | 113 | 92 | 82 | 3 |
| 103 | 114 | 93 | 83 | 1 |
| 104 | 115 | 94 | 84 | 4 |
| 105 | 116 | 95 | 85 | 2 |
| 106 | 117 | 96 | 86 | 3 |
| 107 | 118 | 97 | 87 | 4 |
| 108 | 119 | 98 | 88 | 1 |
| 109 | 120 | 99 | 89 | 2 |
| 110 | 80 | 100 | 90 | 3 |
| 111 | 81 | 101 | 91 | 2 |
| 112 | 82 | 102 | 92 | 1 |
| 113 | 83 | 103 | 93 | 3 |
| 114 | 84 | 104 | 94 | 4 |
| 115 | 85 | 105 | 95 | 3 |
| 116 | 86 | 106 | 96 | 2 |
| 117 | 87 | 107 | 97 | 1 |
| 118 | 88 | 108 | 98 | 2 |
| 119 | 89 | 109 | 99 | 4 |
| 120 | 90 | 110 | 100 | 3 |
| 121 | 126 | 146 | 137 | * |
| 122 | 127 | 147 | 138 | 1 |
| 123 | 128 | 148 | 139 | 3 |
| 124 | 129 | 149 | 140 | 2 |
| 125 | 130 | 150 | 141 | 2 |
| 126 | 131 | 121 | 142 | 3 |
| 127 | 132 | 122 | 143 | 4 |
| 128 | 133 | 123 | 144 | 4 |
| 129 | 134 | 124 | 145 | * |
| 130 | 135 | 125 | 146 | 2 |
| 131 | 136 | 126 | 147 | 2 |
| 132 | 137 | 127 | 148 | 4 |
| 133 | 138 | 128 | 149 | * |
| 134 | 139 | 129 | 150 | 4 |
| 135 | 140 | 130 | 121 | 3 |
| 136 | 141 | 131 | 122 | 1 |
| 137 | 142 | 132 | 123 | 3 |
| 138 | 143 | 133 | 124 | 2 |
| 139 | 144 | 134 | 125 | 1 |
| 140 | 145 | 135 | 126 | 2 |
| 141 | 146 | 136 | 127 | 4 |
| 142 | 147 | 137 | 128 | 2 |
| 143 | 148 | 138 | 129 | 1 |
| 144 | 149 | 139 | 130 | 3 |
| 145 | 150 | 140 | 131 | 2 |
| 146 | 121 | 141 | 132 | 2 |
| 147 | 122 | 142 | 133 | 4 |
| 148 | 123 | 143 | 134 | 4 |
| 149 | 124 | 144 | 135 | 4 |
| 150 | 125 | 145 | 136 | 3 |

NOTE : * MEAN DELETED

www.rsnotes.com